महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

शिक्षा मंत्रालय

(Ministry of HRD, Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 06.12.2021

कार्यालय आदेश - 1074

विषय : ओमिक्रोन(Omicron) कोरोना वायरस से बचाव हेतु आवश्यक सलाह ।

प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित समस्त वेदपाठशाला के प्रबंधकों एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को कोरोना के नए प्रकार ओमिक्रोन (Omicron Varient) के देश-विदेश में बढते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया जाता है, कि ओमिक्रोन वायरस से बचाव हेतु वेदपाठशाला/इकाई परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। छात्रों को ताजा भोजन एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं। छात्रों के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी रखें तथा आवश्यकता होने पर तुरन्त चिकित्सक से परीक्षण कराएं।

पाठशाला / इकाई में छात्रों की साक्षात उपस्थिति /ऑनलाइन अध्ययन के संबंध में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय एवं राज्य शासन/ स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी किए गए /किए जाने वाले आदेशों का पालन सुनिश्चित करें। छात्र एवं अध्यापक वेद विद्यालय /इकाई से बाहर घूमने से दूर रहें तथा सुरक्षित स्थान पर रहकर ओमिक्रान कोरोना वायरस से मुक्त रहें।

राज्य शासन / स्थानीय प्रशासन द्वारा वेदपाठशाला / इकाई में छात्रों की साक्षात् उपस्थिति / ऑनलाइन अध्ययन के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य रहेगा तथा उनके निर्देशों की प्रति प्रतिष्ठान कार्यालय को प्रेषित करें। प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर अध्यापकों एवं छात्रों की ऑनलाइन/ साक्षात् उपस्थिति विवरण प्रतिमाह प्रेषित करें।

6/12/2021

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव

प्रतिलिपि : (1) समस्त वेदपाठशाला प्रबंधकों / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।

(2) कार्यालय आदेश पत्रावली।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 फैक्स (0734-2502253)

E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in